Series WXY4Z

**SET-4**

प्रश्न-पत्र कोड
**Q.P. Code 73**

रोल नं.
**Roll No.**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **9** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Please check that this question paper contains **9** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# मूर्तिकला (सैद्धान्तिक) (भारतीय कला का इतिहास)

# SCULPTURE (Theory)

## (HISTORY OF INDIAN ART)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 30*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 30*

सामान्य निर्देश :

- *खण्ड – अ*

  *सभी प्रश्नों का उत्तर दें । (प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।)*

- *खण्ड – ब*

  *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । (प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है ।)*

- *खण्ड – स*

  *किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (प्रत्येक प्रश्न **6** अंक का है ।)*

## खण्ड – अ

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें :

(I) राजस्थानी शैली की लघु-चित्रकला में किस माध्यम का उपयोग आमतौर पर किया जाता था ? **1**

(A) एक्रेलिक (B) तेल चित्रकला

(C) ऑयल पेस्टल (D) जल रंग

(II) **कथन (A) :** निहाल चंद के चित्र राधा (बनी-ठनी) में राधा को सजे हुए हाथों और लम्बी पतली उंगलियों के साथ दिखाया गया है ।

**कारण (R) :** उसके दाहिने हाथ में दो फूल की कलियाँ हैं और बाएँ हाथ से ओढ़नी पकड़े है । **1**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, पर (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, पर (R) सही है ।

(III) आपके पाठ्यक्रम की दक्खिनी लघु-चित्रकला में अमीर खुसरो के साथ कौन बैठे हुए दिखाए गए हैं ? **1**

(A) उस्ताद फकीर-उल्ला खान (B) हज़रत निजामुद्दीन औलिया

(C) निजाम-उल-मुलक (D) रैदास

**General Instructions :**

- ***Section-A***

  *Attempt **all** questions. (Each question will carry **1** mark)*

- ***Section-B***

  *Attempt **all** questions. (Each question will carry **2** marks)*

- ***Section-C***

  *Attempt any **two** questions. (Each question will carry **6** marks)*

## SECTION-A

### (Multiple Choice Questions)

1. Select the right answer from the given options :

(I) Which medium was typically used in Rajasthani school of miniature painting ? **1**

(A) Acrylic (B) Oil painting

(C) Oil Pastels (D) Water colour

(II) **Assertion (A) :** In Nihal Chand's painting Radha (Bani-Thani), Radha is shown with beautiful accessorized hands and long tapering fingers.

**Reason (R) :** In her right hand there are two flower buds and her left hand is holding Orhni. **1**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

(III) In the Deccan miniature painting from your course, who is shown seated along with Amir Khusro ? **1**

(A) Ustad Faquir-Ulla Khan (B) Hazrat Nizamuddin Auliya

(C) Nizam-ul-Mulk (D) Raidas

(IV) "रामगोपाल विजयवर्गीय" ने किसकी गीतात्मक कविता का चित्रण अपनी चित्र शृंखला "मेघदूत" में किया है ? **1**

(A) कालिदास (B) तुलसीदास

(C) केशवदास (D) जयदेव

(V) राजस्थानी शैली के चित्र "मारु रागिनी" में मुख्य आकृतियों को किस पर बैठे हुए दिखाया गया है ? **1**

(A) घोड़े पर (B) हाथी पर

(C) ऊँट पर (D) बैलगाड़ी पर

(VI) राजस्थानी शैली के उस चित्र को पहचानें जिसमें चमकीले रंगों का प्रयोग व सपाट पृष्ठभूमि हो। **1**

(A) गोवर्धनधारी कृष्ण (B) कृष्ण गोपियों के संग

(C) दाराशिकोह का विवाह समारोह (D) चौगान के खिलाड़ी

(VII) कौन एक छापा चित्रकार नहीं है ? **1**

(A) के. लक्ष्मा गौड़ (B) सोमनाथ होरे

(C) अमृता शेरगिल (D) ज्योति भट्ट

(VIII) **अभिकथन (A) :** मुगल कला शैली भारतीय पारंपरिक कला और फारसी कला का मिश्रण थी।

**कारण (R) :** चित्रित सीमा सज्जा और अरबी में सुलेख के उपयोग जैसी विशेषताएँ भारतीय पारंपरिक शैली से ली गई थीं। **1**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं व (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) (A) सही है, पर (R) गलत है।

(D) (A) गलत है, पर (R) सही है।

(IV) Whose lyrical poem did Ramgopal Vijaivargiya illustrated in Meghdoot Chitravali ? **1**

(A) Kalidas (B) Tulsidas

(C) Keshavdas (D) Jaidev

(V) In the painting "Maru Ragini" of Rajasthani school the main figures are shown seated on : **1**

(A) A Horse (B) An Elephant

(C) A Camel (D) A Bullock-cart

(VI) Identify the painting of Rajasthani school where the artist used bright glowing colours with flat background. **1**

(A) Krishna lifting mount Goverdhan

(B) Krishna with Gopies

(C) Marriage Procession of Dara Shikoh

(D) Chaugan Players

(VII) Which of the following is <u>not</u> a Print Maker ? **1**

(A) K. Laxma Goud (B) Somnath Hore

(C) Amrita Shergil (D) Jyoti Bhatt

(VIII) **Assertion (A) :** Mughal Art style was a mixture of Indian traditional art and Persian art.

**Reason (R) :** Features like painted border decorations and the use of calligraphy in Arabic, were taken from Indian traditional style. **1**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

## खण्ड – ब

### (लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न)

प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **100** शब्दों में अपेक्षित हैं ।

2. (a) हमारे राष्ट्रीय ध्वज में उपयोग किए गए रंगों और उनके प्रतीकात्मक अर्थ बताएँ । साथ ही अशोक चक्र और उसकी 24 तीलियों के महत्त्व और अर्थ के बारे में लिखें । **2**

**या**

(b) आपके पाठ्यक्रम में सम्मिलित किन्हीं चार भारतीय कलाकारों के नाम बताएँ जिन्होंने अपनी कला के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम में योगदान दिया ।

3. शाही वैभव पर ध्यान केंद्रित करते हुए, शाही व्यक्तियों और जानवरों के बीच संबंध को दर्शाने वाले निम्नलिखित चित्रों में से किसी एक चित्र का सौंदर्यात्मक मूल्यांकन करें । अपने उत्तर में कलाकार का नाम शामिल करें । **2**

(a) दाराशिकोह की बारात (मुगल स्कूल)

**या**

(b) चांद बीबी पोलो खेलते हुए (दक्खिनी स्कूल)

4. नीचे दिए गए कलाकारों द्वारा बनाए गए चित्रों में प्रमुख भावनाओं की पहचान करें और उनकी सराहना करें । अपने उत्तर में निम्नलिखित बिंदु शामिल करें : **2**

- आपके पाठ्यक्रम से इस पेंटिंग का नाम और उसका माध्यम
- रंगों का प्रयोग और इन भावनाओं को प्रभावी ढ़ंग से व्यक्त करने में योगदान देने वाले तत्त्व

(a) राजा रवि वर्मा

**या**

(b) अबनिन्द्रनाथ टैगोर

## SECTION-B

### (Short Answer Type Questions)

Answer for these questions is expected in around **100** words.

2. (a) Name the colours and their symbolic meaning used in our National Flag. Also write about the significance and meaning of Ashoka Chakra and its 24 spokes. **2**

**OR**

(b) From your syllabus name any four Indian artists who contributed to the freedom struggle through their art.

3. Evaluate the aesthetic beauty of any one of the following paintings depicting the connection between royal figures and animals, focusing on the royal splendour. Include artist's name in your answer.

(a) Marriage procession of Dara Shikoh (Mughal School) **2**

**OR**

(b) 'Chand Bibi playing Polo from Deccan school.

4. Identify and appreciate the dominant emotions in the paintings made by the artist mentioned below. **2**

Include the following points in your answer :

- Name of this painting from your syllabus and its medium
- Application of colours and elements contributing to convey these feelings effectively.

(a) Raja Ravi Verma

**OR**

(b) Abnindranath Tagore

5. दो प्रसिद्ध कलाकारों मन्कू और नैनसुख ने पहाड़ी कला विद्यालय को परिष्कृत किया । उनकी चित्रकला में कृष्ण को एक देखभाल करने वाले मित्र के रूप में दिखाया गया है जो लोगों के साथ गर्मजोशी से जुड़ते हैं । वह दिव्य समर्थन व स्नेह का प्रतीक है ।

सौन्दर्यात्मकता के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक चित्र का वर्णन करें और उपरोक्त कथन को सही ठहराएँ : **2**

(a) "कृष्ण गोपियों के संग"

**या**

(b) 'नंद, यशोदा और कृष्ण अपने संबंधियों के साथ वृंदावन जाते हुए'

6. (a) शिष्य की अपने गुरु के प्रति गहरी और पवित्र भक्ति सभी सांसारिक चिंताओं से ऊपर उठाती है, जो एक शुद्ध समर्पण को दर्शाती है । **2**

- दक्खिनी स्कूल की इस पेंटिंग का नाम बताएँ और उसकी संयोजन व्यवस्था के आधार पर संक्षेप में सराहना करें ।

**या**

(b) जहांगीर कालीन चित्र "फलक पर बाज पक्षी" प्रकृति और वन्यजीवन के प्रति उनके प्रेम को कैसे दर्शाता है ? इसके सौंदर्यात्मक गुणों, बाज व पृष्ठभूमि की सुन्दरता को बढ़ाने में फलक के महत्त्व पर चर्चा करें ।

## खण्ड – स

## (दीर्घ उत्तर प्रकार के प्रश्न)

दिये गये विकल्पों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **200** शब्दो में अपेक्षित है ।

7. निम्नलिखित प्रश्न एक प्रसिद्ध राजस्थानी स्कूल की पेंटिंग से सम्बन्धित हैं, जो एक झूले पर बैठे हुए एक दिव्य पात्र को दर्शाती है, जिसमें एक विस्तृत हरा-भरा वातावरण है ।

(i) चित्र को पहचानें, चित्र का नाम व कलाकार का नाम बताएँ । **2**

(ii) विशेष पात्रों और आसपास के तत्त्वों पर ध्यान केंद्रित करते हुए संपूर्ण रचना का वर्णन करें । **2**

(iii) इस चित्र में देखी जा सकने वाली राजस्थानी लघु चित्रकला की कोई चार शैलीगत विशेषताएँ लिखें । **2**

5. The two famous artists Manku & Nainsukh refined the Pahari school of art. In their painting Krishna is shown as a caring, approachable friend, engaging with people warmly. Embodying divine support and affection. **2**

Describe any one of the following paintings on the basis of aesthetic beauty, also justify the above statement :

(a) 'Krishna with Gopies'

**OR**

(b) 'Nand, Yashoda and Krishna with Kinsmen going to Vrindavan'

6. (a) The disciple's deep and sacred devotion to their mentor transcends all worldly concerns showcasing a commitment that is pure. **2**

- Name and appreciate this painting from deccan school on the basis of its composition in brief.

**OR**

(b) How does the painting "Falcon on a Bird Rest" from Jahangir's period reflect his love for nature and wildlife ? Discuss its aesthetic qualities and the significance of the bird rest in enhancing the overall depiction of the falcon and the background.

## SECTION-C

## (Long Answer Type Questions)

Attempt any **two** questions from the given options.

Answer for these questions is expected in around **200** words.

7. The following questions refer to a renowned painting from the Rajasthani school that depicts a divine figure seated on a swing, surrounded by an elaborate lush green setting.

(i) Identify and name the painting and mention the artist. **2**

(ii) Describe the overall composition, focusing on the figures and surrounding elements. **2**

(iii) Write any four stylistic features of the Rajasthani school of miniature paintings that can be seen in this particular artwork. **2**

8. मुगल शैली के इस चित्र में एक दिव्य आकृति को गाँववासियों की सुरक्षा के लिए एक विशाल पर्वत उठाए हुए दिखाया गया है । इन संकेतों के आधार पर चित्र को पहचान कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।

(i) चित्र का नाम, चित्रकार का नाम व माध्यम बताएँ । **3**


(ii) रंग, आकृति व प्रकृति चित्रण पर ध्यान केंद्रित करते हुए संयोजन व्यवस्था का वर्णन करें । **3**

9. अपने अध्ययन के आधार पर दिए गए इस प्रमुख मूर्त्तिकला का विश्लेषण करें, जो चेन्नई के मरीना बीच पर स्थित है ।

(i) मूर्तिकला का नाम, व मूर्तिकार का नाम बताएँ **2**

(ii) इस मूर्तिकला में दर्शाये गए प्रतीकात्मक तत्त्वों का विस्तार से वर्णन करें । अलग-अलग पात्र और वस्तुएँ संयोजन व्यवस्था में कैसे योगदान करती हैं और किन मूल्यों को दर्शाती हैं ? **2**

(iii) इस मूर्त्तिकला की तुलना अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित किसी अन्य मूर्त्तिकला से दो बिन्दुओं में करें । **2**



---

8. This artwork from Mughal school depicts a divine figure lifting huge mountain to protect villagers. Identify the painting based on these clues and answer :

(i) What is the name of this painting, its artist and the medium ? **3**


(ii) Write about the compositional arrangement of this painting, focus on the use of colour, detail of figures and nature representation. **3**

9. Analyze the given picture of a prominent sculpture located at the Marina Beach, Chennai. Based on your study of this sculpture.

(i) Mention the name of the sculpture and its sculptor. **2**

(ii) Explain in detail the symbolic elements present in this sculpture. What do individual figures and the object represent, how do they contribute the composition and the values delivered by this artwork ? **2**

(iii) Compare this sculpture with any other sculpture from your syllabus in two points. **2**



---